# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

मक्सी रोड, उज्जैन 456010 (म.प्र.)

## श्वेत मक्खन भण्डारण के लिए डीपफ्रीज कोल्ड स्टोरेज किराये पर लेने हेतु अल्पकालीन द्वितीय ई–निविदा प्रपत्र

ई–निविदा क्रमांक : उ.दु.सं./उत्पा./2023/1844 उज्जैन, दिनांक : 24/03/2023


उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

मक्सी रोड उज्जैन – 456001 (म.प्र.)

फोन नं. : (0734) 2527061, 2527068, 2527066

फेक्स नं. 0734–2527063

**E-mail :**udsplant@yahoo.com, ujjaindairy@gmail.com


निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1,000/– (रूपये एक हजार मात्र)

सहा.प्रबंधक (रा.रा.) प्रभारी (M.I.S.) प्रभारी (वित्त)

प्रभारी (क्रय) प्रभारी (उत्पादन) प्रभारी (गु.नि.)

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

**UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT**

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456001, Madhya Pradesh

Phone : (0734) 2527061, 2527068, 2527066 Fax : 0734-2527063

E-mail: udsplant@yahoo.com, ujjaindairy@gmail.com

क्रमांक / उ.दु.सं. / उत्पा. / 2023 / 1244 उज्जैन, दिनांक : 24/03/23

## श्वेत मक्खन भण्डारण हेतु अल्पकालीन द्वितीय ई–निविदा सूचना

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन द्वारा लगभग 300 मेट्रिक टन श्वेत मक्खन -18° C पर भण्डारण हेतु डीपफ्रीज / कोल्ड स्टोर किराये पर लेने हेतु अल्पकालीन ई–निविदा उज्जैन, देवास, मक्सी एवं इन्दौर क्षेत्र के डीप फ्रीज / कोल्ड स्टोरेज मालिकों से आमंत्रित की जाती है। ई–टेण्डर की वेबसाइटwww.mptenders.gov.inसे डाउनलोड की जा सकती है। ई–निविदा से सम्बन्धित विवरणएमपी स्टेट को–ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड की वेबसाइट परwww.sanchidairy.com/www.sanchiujjain.comमें केवल अवलोकन किया जा सकता है।

ई–निविदा की मुख्य जानकारी निम्नानुसार है

| निविदा डाउनलोड की अंतिम दिनांक व समय | तकनीकी निविदा अपलोड की अंतिम दिनांक व समय | तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक व समय | वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक व समय | अमानत राशि (केवल ऑनलाईन जमा) |
|---|---|---|---|---|
| 31.03.2023 06.00 PM | 31.03.2023 06.00 PM | 03.04.2023 12.00 AM | 03.04.2023 03.00 PM | रु. 1,00,000/- |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

महाप्रबंधक (सं.सं.)

प्रभारी (M.I.S.)

प्रभारी (वित्त)

प्रभारी (क्रय)

प्रभारी (उत्पादन)

प्रभारी (गु.नि.)

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

**UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT**

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456001, Madhya Pradesh

Phone : (0734) 2527061, 2527068, 2527066 Fax : 0734-2527063

E-mail: udsplant@yahoo.com,ujjaindairy@gmail.com


## श्वेत मक्खन भंडारण हेतु ई–निविदा सूचना

**Tender ID:-**

| | | |
|---|---|---|
| | <u>निविदा प्रपत्र</u><br>निविदा कार्य –श्वेत मक्खन भंडारण के लिए डीपफ्रीज/कोल्ड स्टोर किराये पर लेने हेतु ई–निविदा। | |
| | ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू. 1,000/–(अक्षरी– रूपये एक हजार मात्र) |
| 1. | ई–निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 31.03.2023 समय 06.00 PM बजे तक (ई पोर्टल के माध्यम से) |
| 2. | निविदा प्रपत्र अपलोड की अंतिम दिनांक एवं समय | दिनांक 31.03.2023 समय 06.00 PM बजे तक (ई पोर्टल के माध्यम से) |
| 3. | तकनीकी निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक एवं समय | दिनांक 03.04.2023 समय 12.00 PM बजे तक (ई पोर्टल के माध्यम से) |
| 4 | वित्तीय निविदा खोलने का दिनांक एवं समय | दिनांक 03.04.2023 समय 03.00 PM बजे तक (ई पोर्टल के माध्यम से) |
| 5. | ई–निविदा खुलने का स्थान | कार्यालय, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मक्सी रोड, उज्जैन (म.प्र.) 456010 |
| 6. | पत्र व्यवहार हेतु पता | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मक्सी रोड, उज्जैन (म.प्र.) 456010 |
| 7. | अमानत राशि (केवल ऑनलाईन ही जमा करें) | रू. 1,00,000/– (रूपये एक लाख मात्र) |
| 8. | संलग्न प्रपत्र :– | |
| | 01– परिशिष्ट–(अ) | कार्य विवरण एवं कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता संबंधी विवरण। |
| | 02– परिशिष्ट–(ब) | सामान्य नियम एवं शर्ते। |
| | 03– परिशिष्ट (स) | अनुबंधप्रपत्र की आवश्यक शर्तें। |
| | 04– परिशिष्ट–(द) | तकनीकी प्रपत्र (आवश्यक रूप से प्रत्येक निविदाकर्त्ता को भरना है।) |
| | 05– परिशिष्ट–(ई) | दर प्रपत्र। |



महाप्रबंधक (सं.स.) प्रभारी (M.I.S.) प्रभारी (वित्त)

प्रभारी (क्रय) प्रभारी (उत्पादन) प्रभारी (गु.नि.)

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456001, Madhya Pradesh

Phone : (0734) 2527061, 2527068, 2527066 Fax : 0734-2527062

E-mail: udsplant@yahoo.com, ujjaindairy@gmail.com


## परिशिष्ट– (अ)

## कार्य का विवरण

(अ) उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित उज्जैन का श्वेत मक्खन लगभग 300 मेट्रिक टन का भण्डारण -18°Cपर इन्दौर, उज्जैन, देवास, मक्सी क्षेत्र केडीपफ्रीज/कोल्ड स्टोरमें किया जाना है। इस हेतु डीपफ्रीज/कोल्ड स्टोर किराये पर लिए जाने की आवश्यकता है। कार्यावधि 1 वर्ष के लिए मान्य होगी जिसे आपसी सहमति के आधार पर 6 माह बढ़ाया जा सकेगा।

(ब) कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता संबंधी विवरण

| क्रमांक | क्षमता | कार्य नियोजन |
|---|---|---|
| 1 | लगभग 300 मेट्रिक टन | उज्जैन दुग्ध संघ के निर्मित श्वेत मक्खन का भण्डारण -18°Cपर डीपफ्रीज/कोल्ड स्टोर में किया जाना है। |

नोट :–श्वेत मक्खन की मात्रा कम या अधिक हो सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन

सहायक (संरा.) प्रभारी (M.I.S.) प्रभारी (वित्त)

प्रभारी (क्रय) प्रभारी (उत्पादन) प्रभारी (यां.नि.)

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456001, Madhya Pradesh

Phone : (0734) 2527061, 2527068, 2527066 Fax : 0734-2527063

E-mail: udsplant@yahoo.com, ujjaindairy@gmail.com


## परिशिष्ट– (ब)

### ई–निविदा की सामान्य शर्तें

उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन, मक्सी, देवास, इन्दौर क्षेत्र के डीपफ्रीज/कोल्ड स्टोर मालिकों से श्वेत मक्खन भंडारण हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन के पास एक अथवा सम्पूर्ण निविदाओं को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदा में किसी भी प्रकार की संशोधन की सूचना केवल ऑनलाइन प्रकाशित की जावेगी।

1.0 निविदा प्रस्तुतीकरण

1.1 निविदायें एवं दस्तावेज निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित दिनांक एवं समय के पूर्व सभी केवल ऑनलाइन अपलोड किये जाने होंगे।

1.2 यह निविदा तकनीकी एवं वित्तीय निविदा प्रणाली पर आधारित है केवल तकनीकी निविदा में सफल निविदाकार ही वित्तीय निविदा खोले जाने हेतु पात्र रहेंगें।

1.3 निविदाकार द्वारा जानकारी निम्नानुसार देनी होगी :–

(अ) फर्म का प्रोप्राइटर है अथवा फर्म के प्रोप्राइटर का अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता है।

(ब) यदि पार्टनरशिप फर्म है और पार्टनर की हैसियत से हस्ताक्षर किये गये हैं, तो ऐसा किये जाने हेतु उसे अधिकार पत्र अथवा पार्टनरशिप deed में इसका उल्लेख किया गया हो।

1.3 निविदाकार को स्पष्ट रूप से निविदा प्रपत्र में पता, ई–मेल, दूरभाष नं., मोबाईल नं. एवं ईमेल आईडी दी जानी होगी। यदि पते में कोई परिवर्तन होता है तो इसकी सूचना तुरंत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, को दिया जाना होगा, ताकि परिवर्तित पते पर पत्राचार किया जा सकें।

महाप्रबंधक (सं.सं.) प्रभारी (M.I.S.) प्रभारी (वित्त)

प्रभारी (क्रय) प्रभारी (उत्पादन) प्रभारी (यु.नि.)

2.0 प्रतिभूति राशि

2.1 निविदाकार को रूपये 1,00,000/— (एक लाख रूपये मात्र) की अमानत राशि का ऑनलाइन टेण्डर पोर्टल में भुगतान किया जाना होगा।

2.2 अमानत राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा

3.0 निष्पादन प्रतिभूति राशि

3.1 दर स्वीकृत होने के पश्चातसफल निविदाकार कोउज्जैन दुग्ध संघ में निष्पादन प्रतिभूति राशि रूपये 1,00,000.00 (रूपये एक लाख मात्र)जमा करना होगा। जिस पर उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा किसी प्रकार का ब्याज नहीं दिया जावेगा। सफल निविदाकार के आवेदन पर निविदा में जमा की गयी प्रतिभूति राशि का समायोजन निष्पादन प्रतिभूति राशि में किया जा सकेगा।

3.2 निविदा स्वीकृत होने पर सफल निविदाकार को संघ द्वारा कार्यादेश में निर्धारित अवधि के पूर्व अनुबंध रू. 1000/— (एक हजार रू. मात्र) के नॉनज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर एवं वाटर मार्क पेपर पर नोटराइज्डएवं स्वय का फोटो सत्यापित करवाकर प्रस्तुत करना होगा।

4.0 दर

4.1 निविदा में दर प्रस्तुत करते समय मक्खन शीतलीकरण (लोडिंग एवं अनलोडिंग सहित) व जीएसटी कीदरपरिशिष्ट (ई) अनुसार अपलोड करना अनिवार्य होगा।

5.0 भंडारण (तापक्रम भंडारण तथा निरीक्षण)

5.1 डीपफ्रीज/कोल्ड स्टोर में मक्खन का भंडारण −18°C सेंटीग्रेड पर ठंडा किया जाना होगा। परिसर में मक्खन का भंडारन तथा डीपफ्रीज/कोल्ड स्टोर की पर्याप्त स्वच्छता बरतनी होगी। मक्खन के भंडारण के पूर्व कोल्ड स्टोर को फ्यूमिगेट किया जाना होगा। परिसर में किसी भी प्रकार की Fowl Smellनहीं आना चाहिये।

5.2 मक्खन को स्वच्छ प्लास्टिक के तख्तों पर भंडारण किया जाना होगा।

5.3 मक्खन का परिवहन संघ द्वारा किया जायेगा तथा इसकी लोडिंग एवं अनलोडिंग का कार्यनिविदाकर्ता द्वाराकराया जावेगा।

5.4 डीपफ्रीज चेंबर का तापक्रम −18°C से कम निश्चित रूप से होना चाहिये।

5.5 यदि संघ के अधिकारियों/प्रतिनिधियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मक्खन का बॉडी तापमान −18°C सेंटीग्रेड से कम पाया जाता है तो रूपये 10,000/—(दस हजार मात्र) प्रति प्रकरण की दर से दंड निरुपित किया जावेगा तथा मक्खन के तापक्रम को निरीक्षण के 24 घण्टे के अंदर नियंत्रित नहीं किया जाता है तो मक्खन का पूरा स्टॉक



महाप्रबंधक (सं.सं.) प्रभारी (M.I.S.) प्रभारी (वित्त)

प्रभारी (क्रय) प्रभारी (उत्पादन) प्रभारी (गु.नि.)

अन्य शीतगृह में स्थानांतरित कर दिया जायेगा एवं इसके व्यय एवं मक्खन की गुणवत्ता खराब होने की स्थिति में हानि की प्रतिपूर्ति सफल निविदाकार के लंबित देयकों एवं निष्पादन प्रतिभूति राशि से की जावेगी।

5.6 उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ के प्रतिनिधियों को यह अधिकार होगा कि वे बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी कोल्ड स्टोर/डीपफ्रीज का निरीक्षण कर सकते हैं।

5.7 मक्खन का भंडारण इस प्रकार किया जाना होगा कि मक्खन के बक्सों की पंक्तियों के बीच ठंडी हवा आ जा सके तथा मक्खन का नमूना एवं गिनती सुविधापूर्ण ढंग से किया जा सके।

5.8 मक्खन की स्टेकिंग की ऊँचाई डीपफ्रीज चेंबर में 10 बाक्स की ऊँचाई से अधिक नहीं होना चाहिये ।

5.9 मक्खन भंडारण हेतु (FSSAI) एवं अन्य वैधानिक लाइसेन्स सफल निविदाकार को लिया जाना अनिवार्य होगा।

5.10 कोल्ड स्टोरेज में भंडारित श्वेत मक्खन का वर्णित मापदण्डानुसार रखरखाव एवं सुरक्षा की सम्पूर्ण जवाबदारी कोल्ड स्टोर मालिक की होगी।

6.0 <u>बीमा</u>

6.1 मक्खन का अग्नि एवं चोरी (Fire & Theft) बीमा उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ द्वारा स्वयं के व्यय पर किया जावेगा।

7.0 <u>भुगतान</u>

7.1 सफल निविदाकर्ता द्वारा अनुमोदित दर से माहवार औसत मक्खन स्कंध के आधार पर मासिक देयक प्रस्तुत किये जावेंगे।

7.2 भुगतान देयक प्रस्तुत करने के 15 दिवस में किया जावेगा।

8.0 अन्य शर्ते

8.1 प्रथमतः उक्त अनुबंध अवधि 01 वर्ष हेतु रहेगी किंतु आपसी सहमति से अधिकतम 6 माह और कार्यकाल बढ़ाया जा सकेगा।

8.2 समयावधि में अपलोड निविदाओं पर ही विचार किया जावेगा।

8.3 निविदा खुल जाने के पश्चात् निविदाकार को निविदा/दर भरने में हुई गलती के कारण निविदा वापस लेने का अधिकार नहीं होगा।

8.4 दरें परिशिष्ट– (ई) में ही भरी जायें। सशर्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जावेंगी ।

8.5 एक व्यक्ति/फर्म द्वारा केवल एक ही निविदा प्रस्तुत की जावे।



| | | |
|---|---|---|
| महाप्रबंधक (सं.सं.) | प्रभारी (M.I.S.) | प्रभारी (वित्त) |
| प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (उत्पादन) | प्रभारी (गु.नि.) |

8.6 एक व्यक्ति/फर्म द्वारा एक से अधिक अलग अलग नामों से प्रस्तुत निविदाएं स्वीकार नहीं की जावेगी ।

8.7 उच्च तापक्रम पर मक्खन के भंडारण के कारण, मक्खन की गुणवत्ता प्रभावित होने, अधिक एफ.एफ.ए. ईस्ट एवं मोल्ड बढ़ने पर संपूर्ण जवाबदारी कोल्ड स्टोर मालिक की होगी। इस प्रकार हुई संपूर्ण हानि की वसूली डीपफ्रीज मालिक से मक्खन की उत्पादन दर से की जावेगी एवं यह उस पर बंधनकारी होगा।

8.8 निविदा भरते समय निविदाकार को उसकी कोल्ड स्टोर/डीपफ्रीज संबंधी समस्त गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करनी होगी ।

8.9 भण्डारण के दौरान यदि श्वेत मक्खन की मात्रा में कमी होती है तो उक्त मात्रा का लागत दर से कटौत्रा किया जावेगा।

8.10 श्वेत मक्खन का भण्डारण FIFO पद्वति अनुसार किया जाना आवश्यक है।

8.11 चेम्बर में उज्जैन दुग्ध संघ के श्वेत मक्खन के अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री का भण्डारण नहीं होना चाहिये, यदि निरीक्षण के समय श्वेत मक्खन के अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री चेम्बर में पाई जाती है, तो रू. 10,000/-(रू. दस हजार) की पेनल्टी लगाई जावेगी। तथा भण्डारण कर्ता को अन्य सामग्री तत्काल चेम्बर से हटानी होगी।

8.12 मक्खन भण्डारण हेतु (FSSAI) एवं अन्य वैधानिक लायसेंस सफल निविदाकार को लिया जाना अनिवार्य होगा।

8.13 निविदाकार के पास शासन द्वारा शीतग्रह संचालन हेतु अनिवार्य समस्त दस्तावेज एवं अन्य दस्तावेज होना अनिवार्य होगा।

8.14 कार्यादेश दिये जाने के पूर्व दुग्ध संघ की समिति द्वारा कोल्ड स्टोरेज की क्षमता, मशीनरी की क्षमता एवं हाइजिन आदि का निरीक्षण करने के पश्चात ही निर्णय लिया जावेगा।

9.0 <u>अनुबंध का निरस्तीकरण</u>

9.1 मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ उज्जैन को यदि वह आवश्यक समझता है तो यह अधिकार होगा कि वह इस अनुबंध को अपने स्वयं के निर्णय से सूचना देकर निरस्त कर सके, जिसके लिये कोल्ड स्टोर मालिक किसी तरह आपत्ति नहीं उठा सकेगा।



| | | |
|---|---|---|
| महाप्रबंधक (सं.सं.) | प्रभारी (M.I.S.) | प्रभारी (वित्त) |
| प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (उत्पादन) | प्रभारी (यू.नि.) |

## 10.0 विवाद की स्थिति का निराकरण

10.1 सफल निविदाकार द्वारा मक्खन समुचित रुप से ठंडा नहीं कर पाने की स्थिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन का निर्णय अंतिम होगा एवं निविदाकार पर बंधनकारी होगा।

10.2 उपरोक्त नियम एवं शर्तों के पालन के संबंध में उत्पन्न किसी भी विवाद की स्थिति के निराकरण के संबंध में अध्यक्ष उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन का निर्णय अंतिम एवं दोनों पक्षो पर बंधनकारी होगा ।

10.3 किसी भी विवाद हेतु कार्यक्षेत्र उज्जैन रहेगा एवं विवाद सक्षम न्यायालय में निपटाये जायेंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन

| | | |
|---|---|---|
| महाप्रबंधक (सं.सं.) | प्रभारी (M.I.S.) | प्रभारी (वित्त) |
| प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (उत्पादन) | प्रभारी (गु.नि.) |

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

**UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT**

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456001, Madhya Pradesh

Phone : (0734) 2527061, 2527068, 2527066 Fax : 0734-2527063

E-mail: udsplant@yahoo.com, ujjaindairy@gmail.com


## परिशिष्ट–(स)

### अनुबन्ध की शर्ते

1. कार्य प्रारंभ होने से एक वर्ष तक की राशि रुपये 1,00,000/– (रूपये एक लाख मात्र) मात्र की धरोहर राशि उज्जैन दुग्ध संघ में निविदाकार को जमा की जानी होगी।
2. डीपफ्रीज/कोल्ड स्टोर में मक्खन का भंडारण –18°C सेंटीग्रेड पर ठंडा किया जाना होगा। परिसर में मक्खन का भंडारण तथा डीपफ्रीज/कोल्ड स्टोर की पर्याप्त स्वच्छता बरतनी होगी। मक्खन के भंडारण के पूर्व कोल्ड स्टोर को फ्यूमिगेट किया जाना होगा ।
3. मक्खन को स्वच्छ प्लास्टिक के तख्तों पर भंडारण किया जाना होगा।
4. मक्खन का परिवहन संघ द्वारा किया जायेगा तथा इसकी कोल्डरूम स्तर पर लोडिंग एवं अनलोडिंग का कार्य निविदाकार द्वारा किया जायेगा।
5. डीपफ्रीज चेंबर का तापक्रम –18°C निश्चित रूप से होना चाहिये।
6. यदि संघ के अधिकारियों/प्रतिनिधियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान मक्खन Body का तापमान –18°C सेंटीग्रेड से कम पाया जाता है तो इसका पंचनामा बनाया जायेगा एवं –18°C रुपये 10,000/– (दस हजार मात्र) प्रति प्रकरण की दर से दंड निरूपित किया जायेगा तथा मक्खन के तापक्रम को निरीक्षण के 24 घण्टे के अंदर नियंत्रित नहीं किया जाता है तो मक्खन का पूरा स्टॉक अन्य शीतगृह मे स्थानांतरित कर दिया जायेगा एवं इसके व्यय की प्रतिपूर्ति डीपफ्रीज मालिक के लंबित देयकों से की जायेगी।
7. उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ के प्रतिनिधियों को यह अधिकार होगा कि वे बिना किसी पूर्व सूचना के कोल्ड स्टोर/डीपफ्रीज का निरीक्षण कर सके।
8. मक्खन का भंडारण इस प्रकार किया जाना होगा कि मक्खन के बक्सों की पंक्तियों के बीच ठंडी हवा आ जा सके तथा मक्खन का नमूना सुविधापूर्ण ढंग से लिया जा सके।
9. मक्खन की स्टेकिंग की ऊँचाई डीपफ्रीज चेंबर में 10 बाक्स की ऊँचाई से अधिक नहीं होगा चाहिये ।
10. मक्खन का अग्नि एवं चोरी (Fire & Theft) बीमा उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ द्वारा स्वयं के व्यय पर किया जावेगा।

| | | |
|---|---|---|
| महाप्रबंधक (सं.सं.) | प्रभारी (M.I.S.) | प्रभारी (डेरी) |
| प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (उत्पादन) | प्रभारी (गु.नि.) |

11. सफल निविदाकर्ता द्वारा अनुमोदित दर से माह में औसत के मक्खन स्कंध के आधार पर मासिक देयक प्रस्तुत किये जायेंगे।
12. भुगतान देयक प्रस्तुत करने के 15 दिवस में किया जायेगा।
13. उक्त अनुबंध अवधि एक वर्ष हेतु रहेगी जिसे आपसी सहमति के आधार पर 6 माह बढ़ाया जा सकता है।
14. निविदाकार संपूर्ण निविदा का कार्य या आंशिक भाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन की लिखित अनुमति के बिना किसी दूसरी पार्टी को हस्तांतरित नहीं कर सकेगा।
15. उच्च तापक्रम पर मक्खन के भंडारण के कारण मक्खन की गुणवत्ता खराब होने, अधिक एफ.एफ.ए., ईस्ट एवं मोल्ड बढ़ने पर संपूर्ण जवाबदारी कोल्ड स्टोर मालिक की होगी । इस प्रकार हुई संपूर्ण हानि की वसूली डीपफ्रीज मालिक से मक्खन की तत्कालीन बाजार दर से की जावेगी एवं वह उस पर बंधनकारी होगा।
16. भण्डारण के दौरान यदि श्वेत मक्खन की मात्रा में कमी होती है तो उक्त मात्रा का तत्कालीन दर से कटौत्रा किया जावेगा।
17. दुग्ध संघ की आवश्यकता अनुसार ही श्वेत मक्खन का भण्डारण किया जावेगा।
18. श्वेत मक्खन का भण्डारण संयंत्र में मक्खन की अतिशेष मात्रा अनुसार किया जावेगा एवं निकासी संघ की आवश्यकतानुसार की जावेगी।
19. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ उज्जैन को यदि वह आवश्यक समझता है तो यह अधिकार होगा कि वह इस अनुबंध को अपने स्वयं के निर्णय से पूर्व सूचना देकर निरस्त कर सकेगा, जिसके लिये कोल्ड स्टोर मालिक किसी तरह आपत्ति नहीं उठा सकेगा।
20. सफल निविदाकार के मक्खन समुचित रूप से ठंडा नहीं कर पाने की स्थिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन का निर्णय अंतिम होगा एवं निविदाकार पर बंधनकारी होगा।
21. उपरोक्त नियम एवं शर्तों के पालन के संबंध में उत्पन्न किसी भी विवाद की स्थिति के निराकरण के संबंध में अध्यक्ष उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, उज्जैन का निर्णय अंतिम एवं दोनों पक्षों पर बंधनकारी होगा ।
22. किसी भी विवाद हेतु कार्यक्षेत्र उज्जैन रहेगा एवं विवाद सक्षम न्यायालय में निपटाये जायेंगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,उज्जैन

11

| | | |
|---|---|---|
| महाप्रबंधक (सं.सं.) | प्रभारी (M.I.S.) | प्रभारी (वित्त) |
| प्रभारी (क्रय) | प्रभारी (उत्पादन) | प्रभारी (गु.नि.) |

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456001, Madhya Pradesh

Phone : (0734) 2527061, 2527068, 2527066 Fax : 0734-2527063

E-mail: udsplant@yahoo.com, ujjaindairy@gmail.com


## परिशिष्ट – (८) : तकनीकी प्रपत्र

1. कोल्ड स्टोर युनिट का नाम – ..........
2. कोल्ड स्टोर युनिट पूरा पता – ..........
   कोल्ड स्टोर का पंजियन(छाया प्रति संलग्न करें)
3. कोल्ड स्टोर मालिक / फर्म का नाम – ..........
4. फोन नं / मोबाईल नं. – ..........
5. ई-मेल आईडी – ..........
6. अमानत राशि ऑनलाईन जमा की रसीद – ..........
   (क्रमांक / दिनांक व छायाप्रति संलग्न करें)
7. आयकर (पेन कार्ड) का विवरण ..........
   (छायाप्रति संलग्न करे)
8. किसी दुग्ध संघ : द्वारा काली सूची में – ..........
   नामित नही किया है इस सम्बन्ध में शपथ पत्र रू. 100/–
   (नोटरी द्वारा सत्यापित)
9. जी.एस.टी. नं. (छायाप्रति संलग्न करें) – ..........
10. FSSAI पंजीयन क्रमांक(छायाप्रति संलग्न करें)– ..........
11. श्वेत मक्खन कुल भण्डारण क्षमता – ..........
12. निविदा हेतु प्रस्तुत भण्डारण क्षमता – ..........
    (न्यूनतम 300 मेट्रिक टन अनिवार्य है)

निविदा फार्म में वर्णित उज्जैन दुग्ध संघ के समस्त नियम व शर्ते पूर्णतः मान्य है ।

स्थान ..........

दिनांक ..........

मोबाइल नं.–

हस्ताक्षर निविदाकार

नाम –



महाप्रबंधक (सं.सं.) प्रभारी (M.I.S.) प्रभारी (वित्त)

प्रभारी (क्रय) प्रभारी (उत्पादन) प्रभारी (भु.नि.)

# उज्जैन सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित

**UJJAIN SAHAKARI DUGDH SANGH MARYADIT**

Maksi Road P.B. No 106, UJJAIN - 456001, Madhya Pradesh
Phone : (0734) 2527061, 2527068, 2527066 Fax : 0734-2527063
E-mail: udsplant@yahoo.com, ujjaindairy@gmail.com

## परिशिष्ट –(ई)

**श्वेत मक्खन भण्डारण हेतु कोल्ड स्टोर किराऐ पर देने हेतु दर प्रस्ताव**

| क्रमांक | विवरण | दर<br>प्रतिकिलो प्रतिमाह | जी.एस.टी. दर |
|---|---|---|---|
| 01 | 25 किलो / 20 किलो पैकिंग में श्वेतमक्खन के शीतलीकरण एवं भण्डारण लोडिंग एवं अनलोडिंग सहित | | |
| | कुल योग | | |

नोट :–

1. मेरेद्वारा निविदा के नियम एवं शर्ते पूरी तरह से पढ़ ली गई है। एवं तदनुसार दरें प्रस्तुत की गई हैं।

स्थान ..........................
दिनांक ..........................

हस्ताक्षर निविदाकार
नाम –
मोबाइल नं.–



महाप्रबंधक (सं.सं.)   प्रभारी (M.I.S.)   प्रभारी (वित्त)

प्रभारी (क्रय)   प्रभारी (उत्पादन)   प्रभारी (गु.नि.)